**19.47** लाख कुल डॉक्टर हैं देश में। इनमें एलोपैथी, आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी सभी के डॉक्टर शामिल हैं। संसद में केंद्र ने बताया कि देश की आबादी और डॉक्टर का अनुपात 1:1456 का है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक 1:1000 से कम है।

## न्यूज गैलरी

### तय समय पर भारत पहुंचेगा पहला राफेल : अजय कुमार

**कोलकाता** : देश को पहला राफेल फाइटर जेट इसी साल सितंबर में अपने तय समय पर मिलेगा। रक्षा उत्पादन विभाग के सचिव अजय कुमार ने यह जानकारी दी। भारत चेंबर डिफेंस फैसिलिटेशन सेंटर के उद्घाटन के लिए शनिवार को यहां पहुंचे अजय कुमार ने ऑफसेट पार्टनर के सवाल पर स्पष्ट किया कि तय नियमों के अनुरूप ही सरकार इस मुद्दे पर आगे बढ़ेगी। इसके पहले भारत में फ्रांस के राजदूत एलेकजेंडर जेग्लर इसी महीने आश्वस्त कर चुके हैं कि अगले दो महीने के भीतर पहला राफेल जेट विमान भारत की धरती पर होगा। बाकी सभी 36 विमान अगले दो वर्ष के भीतर भारत सरकार के हवाले कर दिए जाएंगे। गौरतलब है कि राफेल सौदे पर भारतीय राजनीति में 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भारी भूचाल आया था। (जासं)

### पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की मेदांता में हुई सर्जरी

**गुरुग्राम** : जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की शनिवार को मेदांता अस्पताल में सर्जरी हुई। उन्हें पित्त की थैली (गॉल ब्लैडर) में पथरी की शिकायत थी। मुफ्ती को शुक्रवार शाम चार बजे जनरल सर्जन डॉ. आदर्श चौधरी की देखरेख में यहां दाखिल किया गया था। शनिवार सुबह 11 बजे उनकी सर्जरी की गई है। अब वह आइसीयू में हैं और उनका स्वास्थ्य बेहतर है। महबूबा मुफ्ती पिछले कई महीने से मेदांता में जांच कराने आती रही हैं, लेकिन ज्यादा परेशानी बढ़ने के कारण उन्हें शुक्रवार को दाखिल कराया गया। (जासं)

### उड़ान में देरी से मुंबई एयरपोर्ट पर अफरातफरी

**नई दिल्ली** : दुर्गापुर जाने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट में देरी होने की वजह से शनिवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर अफरातफरी मच गई। इस दौरान यात्रियों को फ्लाइट रद होने की सूचना भी दी गई, जिससे वे नाराज हो गए। उनमें से एक यात्री ने 9.23 बजे ट्वीट कर नागरिक उड्डयन के महानिदेशक (डीजीसीए) से स्पाइस जेट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लिखा कि स्पाइस जेट ने लगातार दूसरे दिन दुर्गापुर जाने वाली अपनी फ्लाइट रद की है। तकनीकी गड़बड़ी के चलते फ्लाइट रद करने की बात कही है। इसके चलते उम्रदराज और बीमार यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस फ्लाइट के मुंबई से रवाना होने का समय सुबह 7.50 बजे था। यात्रियों के गुस्से को देखते हुए सक्रिय हुए हवाई अड्डा प्रशासन ने एयरलाइन से बात की। इसके बाद विमान के रवाना होने का समय दो बार बढ़ाया गया। अंततः विमान 10.40 बजे दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) के लिए रवाना हुआ। (प्रेट्र)

### कुलगाम में पांच युवक हिरासत में, पुलवामा में तलाशी अभियान

**श्रीनगर** : दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और कुलगाम में सुरक्षाबलों ने शनिवार को तलाशी अभियानों में पांच युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इनमें दो सगे भाई भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, सुबह पुलिस को खबर मिली कि आतंकियों का एक दल जिला पुलवामा के डुगम, काकपोरा इलाके में देखा गया है। उसी समय पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ जवानों के साथ मिलकर तलाशी अभियान चलाया। करीब चार घंटे तक सुरक्षाबलों ने गांव में आने जाने के सभी रास्ते बंद करते हुए घर-घर तलाशी ली। सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने तलाशी अभियान समाप्त कर दिया। (राब्यू)

### नेपाल जाने वाले विदेशी पर्यटकों के वीजा शुल्क में होगी बढ़ोतरी

**महराजगंज** : नेपाल सरकार 17 जुलाई से विदेशी पर्यटकों के लिए वीजा शुल्क बढ़ाने जा रही है। आव्रजन अधिकारियों ने कहा कि वीजा शुल्क में फिलहाल मामूली बदलाव ही होगा। लेकिन 'विजिट नेपाल 2020' के बाद इसे संशोधित किया जाएगा। याद रहे कि मित्र राष्ट्र होने के कारण भारत पर वीजा शुल्क लागू नहीं है। डीओआइ (ब्यूरो आफ इमीग्रेशन) के महानिदेशक एशोर राज पौडेल के मुताबिक विदेशी पर्यटकों के लिए वीजा शुल्क में बदलाव आवश्यक है। हम 'विजिट नेपाल 2020' के पूरा होने के बाद वीजा शुल्क संरचना पर फिर से काम करेंगे। (जासं)

# हमले की तैयारी कर रहे गिरोह का एनआइए ने किया भंडाफोड़

**चेन्नई, एएनआइ:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने इस्लामिक शासन स्थापित करने के इरादे से देशभर में आतंकी हमले की तैयारी कर रहे एक गिरोह का शनिवार को भंडाफोड़ किया। दरअसल, कुछ दिनों पहले तीन लोग गिरफ्तार किए गए थे, उनसे मिली जानकारी के आधार पर ही चेन्नई और नागपट्टिनम जिले में चार जगहों पर छापेमारी की गई थी, जिससे इसका पता चला। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि देश और देश के बाहर रहते हुए इन लोगों ने भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से अंसारुल्ला नाम के आतंकी संगठन का गठन किया था। जांच एजेंसी ने बताया कि चेन्नई में आरोपित सैय्यद मुहम्मद बुखारी के घर और कार्यालय पर जबकि नागपट्टिनम में हसन अली और हरीश मुहम्मद के घरों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान नौ मोबाइल, 15 सिम कार्ड, सात मेमोरी कार्ड, तीन लैपटॉप, पांच हार्ड डिस्क, छह पेन ड्राइव, दो टैबलेट और तीन सीडी और वीसीडी बरामद की गईं। इसके अलावा मैग्जीन, बैनर, नोटिस, पोस्टर और किताबें भी बरामद की गईं। पकड़े गए तीनों आरोपितों के खिलाफ नौ जुलाई को विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इनसे पूछताछ की जा रही है।

### आतंकियों के लिए आइईडी तैयार करने वाले दो गिरफ्तार

**राज्य ब्यूरो, श्रीनगर** : दक्षिण कश्मीर के शोपियां में आतंकियों के लिए आइईडी और अन्य विस्फोटक तैयार करने वाले माड्यूल के दो सदस्यों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ और आइईडी और अन्य साजो सामान भी बरामद किया है। फिलहाल, माड्यूल के अन्य सदस्यों को पकड़ने के लिए पुलिस का विशेष दल लगातार उनके ठिकानों पर दबिश दे रहा है।

मामले की जांच में जुटे एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शोपियां और पुलवामा में बीते कुछ दिनों के दौरान रहस्यमय हालात में हुए विस्फोटों की जांच के दौरान पता चला कि कुछ लोग बारूद और डायनामाइट जमा कर रहे हैं। इन लोगों की निशानदेही करते हुए बीती रात शोपियां में विभिन्न जगहों पर छापेमारी की गई और दो युवकों को पकड़ लिया गया।

## रवाना नहीं हुआ अमरनाथ यात्रियों का जत्था

**राज्य ब्यूरो, जम्मू** : बाबा अमरनाथ की यात्रा को सुरक्षा कारणों से शनिवार को स्थगित कर दिया गया। ऐसे में प्रशासन ने अमरनाथ यात्रियों के जत्थे को जम्मू से पहलगाम और बालटाल के लिए रवाना नहीं किया। वहीं, यात्रा के 13वें दिन शनिवार को 16,916 और श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिमलिंग के दर्शन किए। अब तक 1,73,978 श्रद्धालु अमरनाथ गुफा पहुंचकर बाबा के दर्शन कर चुके हैं।

एक जुलाई से शुरू हुई यात्रा को दूसरी बार स्थगित किया गया है। यात्रा के आधार शिविर यात्री निवास भगवती नगर में सात हजार से अधिक श्रद्धालु हैं। यात्रा को स्थगित करने की सूचना यात्रियों को शनिवार को सुबह दी गई। आधार शिविर में देश भर से आए श्रद्धालु हैं। अब तक डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में शिवलिंग के दर्शन कर लिए हैं। बता दें कि जम्मू से ही जत्थे को रवाना नहीं किया गया, अलबत्ता पहलगाम और बालटाल मार्ग पर यात्रा सुचारू रूप से चलती रही। कश्मीर में 13 जुलाई 1931 को महाराजा हरि सिंह के खिलाफ विद्रोह हुआ था, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। इसके चलते पूरे राज्य में 13 जुलाई को राजपत्रित अवकाश होता है। अलगाववादियों ने इस मुद्दे पर कश्मीर बंद का आह्वान किया था। ऐसे में प्रशासन ने कानून एवं व्यवस्था को मद्देनजर रखकर यात्रा को जम्मू से स्थगित कर दिया।

# 'अवेंजर्स एंडगेम' की तिहाई लागत में पूरा हुआ भारत का चंद्र अभियान

**नई दिल्ली, आइएएनएस** : भारत के दूसरे चंद्र अभियान पर विदेशी मीडिया और विज्ञान पत्रिकाओं की भी निगाह है। विदेशी मीडिया इस पूरे अभियान की लागत पर भी आश्चर्य जता रहा है। रूस की समाचार एजेंसी स्पुतनिक ने लिखा, 'चंद्रयान-2 के पूरे अभियान पर करीब 12.4 करोड़ डॉलर (करीब 850 करोड़ रुपये) की लागत आई है। वहीं हाल ही में आई हॉलीवुड फिल्म 'अवेंजर्स एंडगेम' का बजट 35.6 करोड़ डॉलर (करीब 2,440 करोड़ रुपये) था। यह चंद्रयान-2 अभियान पर हुए खर्च का करीब तीन गुना है।'

चंद्रयान-2 अंतरिक्ष में भारत का पहला रोबोटिक एक्सप्लोरेशन अभियान है। इसका अर्थ है कि भारत पहला ऐसा अभियान भेज रहा है, जिसमें कोई लैंडर-रोवर किसी अंतरिक्षीय सतह पर उतरकर वैज्ञानिक प्रयोगों को अंजाम देंगे। अब से पहले भारतीय अंतरिक्ष अभियानों में ऑर्बिटर ही शामिल रहे हैं, जो अंतरिक्षीय पिंड के चारों ओर घूमते हुए शोध करते हैं। चंद्रयान-1 और मंगलयान ऐसे ही अभियान थे।



श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) में चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर पर रखा गया विक्रम लैंडर। प्रेट्र

चंद्रयान-2 के बारे में दुनियाभर के अखबारों और पत्रिकाओं ने अपनी राय रखी है। द गार्जियन ने चांद पर मानव कदम पड़ने के 50 साल बाद फिर चांद की ओर अंतरिक्ष एजेंसियों के झुकाव का विश्लेषण किया है। अभी कुछ महीने पहले ही चीन ने भी चांद पर अपना यान उतारा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने भी इसी विषय पर लिखा है। उसका कहना है कि भारत के लिए यह चंद्र अभियान टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उसकी प्रगति का प्रतीक है। चीन अपने अभियान से खुद को वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करना चाहता है। वहीं, अमेरिका और नासा के लिए मंगल पर जाने के रास्ते में चांद एक पड़ाव की तरह हो गया है। वाशिंगटन पोस्ट ने इस अभियान को अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की बढ़ती महत्वाकांक्षा का प्रतीक बताया है। वाशिंगटन पोस्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी प्रशंसा की है। इसने लिखा, 'भारत में अंतरिक्ष कार्यक्रमों की शुरुआत 1960 के करीब ही हो गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसे नई ख्याति मिली है। मोदी ने अंतरिक्ष कार्यक्रमों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के बढ़ते कद और मजबूत रक्षा क्षमताओं से जोड़कर प्रोत्साहित किया है।'

# बिहार में बढ़ने लगा बाढ़ का खतरा, डूबने से 13 की मौत

**आपदा** ▶ लगातार बारिश से उत्तर बिहार, कोसी में नदियां हुईं विकराल

### मधुबनी में 15 और सीतामढ़ी में 20 जुलाई तक स्कूल बंद करने का आदेश

**जागरण टीम, पटना**

बिहार में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ की स्थिति बन गई है। नदियां लाल निशान को पार कर तबाही मचाने लगी हैं। सैकड़ों गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कई स्थानों पर संपर्क सड़क ध्वस्त हो गई है। तटबंधों पर पानी का दबाव और रिसाव जारी है। पानी के दबाव से पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी और मधुबनी में तटबंध टूट गए हैं। मधुबनी में 15 जुलाई और सीतामढ़ी में 20 जुलाई तक स्कूलों को बंद कर दिया गया है। दरभंगा के कई गांव बाढ़ से घिरे हैं। मुजफ्फरपुर के कटरा और औराई में भी संकट बरकरार है। वहीं, पश्चिम चंपारण में गंडक के जलस्तर में तेजी से वृद्धि जारी है।

**तटबंध मरम्मत के लिए बोरा उठाते दिखे पूर्वी चंपारण के डीएम** : पूर्वी चंपारण में बंजरिया प्रखंड के घोड़मरवा गांव के पास दुधौरा नदी पर बना तटबंध टूट गया। आसपास के गांवों में तेजी से पानी फैलने लगा है। पताही और ढाका में बागमती का पानी कई गांवों में प्रवेश कर गया है। डीएम रमण कुमार ने खुद रेनकट की मरम्मत की लिए बालू की बोरियां भरीं। बाढ़ को देखते हुए शनिवार को सीतामढ़ी-बैरगनिया-रक्सौल रेलखंड पर ट्रेनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई। मुजफ्फरपुर जिले के कटरा और औराई प्रखंड में स्थिति भयावह होती जा रही है।



बिहार के सीतामढ़ी जिले के परिहार में बाढ़ का पानी घुसने के बाद लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाती एनडीआरएफ की टीम। जागरण

**कोसी और अन्य सभी जगह एक सा है हाल** : शनिवार को किशनगंज में दो और अररिया-सहरसा-मधेपुरा में एक-एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। कोसी सीमांचल में महानंदा, कनकई, परमान, बकरा आदि नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से लगभग एक मीटर ऊपर है। इसके अलावा अलग-अलग हादसों में बक्सर, सिवान और छपरा में डेढ़ साल की बच्ची समेत पांच लोगों की जान चली गई।

## बनारस की बहू हैं विश्व बैंक की नई एमडी अंशुला

**कृष्ण बहादुर रावत, वाराणसी** : वैश्विक पटल पर बेटियों के बाद अब बनारस की बहुएं भी नाम रोशन करने लगी हैं। इस कड़ी में एक नया नाम जुड़ा है रथयात्रा निवासी अंशुला कांत का। अंशुला को विश्व बैंक का एमडी और सीएफओ नियुक्त किया गया है।

मूलतः उत्तराखंड के रुड़की जिले की रहने वाली अंशुला ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है। 1983 में इनका चयन भारतीय स्टेट बैंक में हो गया। नौकरी के एक वर्ष बाद उन्होंने वाराणसी स्थित रथयात्रा निवासी व पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय कांत से शादी कर ली। विवाह के बाद वह बनारस आ गईं। कुछ वर्षों बाद उनका तबादला वाराणसी से लखनऊ के लिए हो गया तो उन्होंने एक बार नौकरी छोड़ने का मन बनाया, लेकिन पति ने उनका हौसला बढ़ाया तो वह लखनऊ चली गईं। अंशुला के सामने सबसे बड़ी चुनौती तब आई जब 2005 में उन्हें सिंगापुर में स्टेट बैंक को स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसे उन्होंने बखूबी पूरा किया।

**पति दिल्ली के लिए रवाना** : विश्व बैंक में अंशुला के नियुक्ति की खबर सुनने के बाद परिवार के लोगों का खुशी का ठिकाना नहीं है।

आनन-फानन में शनिवार को उनके पति दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि अंशुला शुरू से ही मेधावी थीं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह जो काम शुरू करती हैं, उसे पूरा किए बिना नहीं रुकतीं। बच्चों की परवरिश में भी उन्होंने कोई कोताही नहीं बरती। बनारसी साड़ी की शौकीन अंशुला को संगीत से भी बहुत लगाव है।

# डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा की रोकथाम के लिए कानून जल्द

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : डॉक्टरों और चिकित्सा क्षेत्र के अन्य कर्मचारियों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार एक कानून बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक आठ सदस्यीय उप समिति बनाई है, जो कानून का मसौदा 17 जुलाई सौंप देगी। इस उप समिति में स्वास्थ्य मंत्रालय के अफसरों से लेकर मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए), एम्स आरडीए के लोग भी शामिल हैं।

सूत्रों का कहना है कि पुलिस के आर एंड डी विभाग के एक अनुभवी व्यक्ति को कानून का मसौदा तैयार करने में मदद के लिए नामित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के दस सदस्यीय समिति बनाने के बाद शनिवार को इस उप समिति का गठन किया गया है। पिछले हफ्ते समिति की बैठक में ऐसे किसी केंद्रीय कानून के लाभ और हानि पर विचार किया गया। साथ ही डॉक्टरों और चिकित्सा संस्थानों को सुरक्षा प्रदान करने के दिशा में यह अहम कदम माना जा रहा है। उप समिति के सदस्यों को अगले एक हफ्ते में यानी 17 जुलाई तक कानून के मसौदे पर काम करने को कहा गया है। कानून के मसौदे को पेश करने से पहले 17 जुलाई को यह उप समिति एक और बैठक करेगी। यह उप समिति अपनी रिपोर्ट दस सदस्यीय समिति को सौंपेगी। उसके बाद इस मसौदे पर विचार करने के लिए समिति आगामी 22 जुलाई को बैठक करेगी।

चिकित्सकों की सुरक्षा संबंधी कानून का मसौदा बनाने के लिए विगत 10 जुलाई को हुई बैठक में बताया गया कि करीब 18 राज्यों ने इस समस्या से निपटने के लिए अपने स्तर पर कानून बना रखे हैं, लेकिन चिकित्सा क्षेत्र के लोग इसे नाकाफी मानते हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर हिंसा करने वालों को कम से कम सात साल की सजा देने का कानून बनाने की अपील की है।

## फ्लैट नहीं बनवाया, बिल्डर को लौटाना होगा पैसा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली** : समयसीमा पूरी होने के तीन साल बाद भी फ्लैट का निर्माण कर कब्जा नहीं देने पर उपभोक्ता आयोग ने आदेश दिया है कि बिल्डर उपभोक्ता की तरफ से जमा कराए गए 13 लाख 86 हजार रुपये सात फीसद वार्षिक ब्याज के साथ वापस करे।

नई दिल्ली के मोती बाग निवासी कमलेश शर्मा ने ट्यूलिप इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ उपभोक्ता आयोग में शिकायत की थी। इसके मुताबिक उन्होंने बिल्डर की तरफ से सोनीपत के कुंडली क्षेत्र में बनाए जाने वाले रिहायशी प्रोजेक्ट में एक फ्लैट बुक किया था। जुलाई 2014 में फ्लैट बुक किया गया था और अनुबंध के मुताबिक मार्च 2016 में उसका कब्जा मिलना था। कुल कीमत में से 13 लाख 86 हजार रुपये अदा भी किए जा चुके थे, लेकिन समय सीमा गुजरने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। 2016 के अंत तक इंतजार किया गया, लेकिन प्रोजेक्ट के जिस टावर में फ्लैट बुक किया था, उसका निर्माण पूरा नहीं किया गया।

# अलीगढ़ के मदरसे में बनेगा मंदिर, लगेंगी शिव की मूर्तियां

**जागरण संवाददाता, अलीगढ़**

- पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी की पत्नी सलमा अंसारी ने किया एलान
- मदरसे में हिंदू बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए लिया गया निर्णय

पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी की पत्नी सलमा अंसारी अलीगढ़ में संचालित अपने मदरसे चाचा नेहरू में मंदिर व मस्जिद का निर्माण कराने जा रही हैं। मंदिर बनाने का निर्णय हिंदू बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए लिया गया है। निर्माण दो माह में पूरा हो जाएगा, जिसमें शिवजी के साथ हनुमानजी व अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। सलमा अंसारी ने कहा कि मंदिर निर्माण के फैसले से कुछ मौलानाओं को परेशानी हो सकती है, लेकिन इससे हमें फर्क नहीं पड़ता।

अलीगढ़ में शनिवार को मीडिया से बातचीत में सलमा अंसारी ने कहा कि आज माहौल ठीक नहीं है। मदरसे से लोग खुश नहीं हैं। पूर्व में बच्चों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशें की गईं। एक बार पानी की टंकी में जहर मिला दिया गया था। मदरसा में पढ़ने वाले करीब चार हजार बच्चों में 1100 हिंदू हैं।

28 बच्चे हॉस्टल में रहते हैं। उन्हें पूजा के लिए बाहर जाना पड़ता है। उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मदरसे में मस्जिद के साथ मंदिर बनाने का फैसला लिया गया है। बिजनौर के मदरसे में हथियार मिलने पर उन्होंने कहा कि इस घटना ने मदरसों की छवि खराब की है।

### होता है हवन, बच्चे देते हैं आहुति

मदरसा चाचा नेहरू में महीने में एक-दो बार हवन होता है। कुरान ख्वानी भी साथ होती है। पंडित हवन कराते हैं, जिसमें हिंदू-मुस्लिम सभी बच्चे आहुति देते हैं। हवन कराने का मकसद एक-दूसरे के धर्म के बारे में बच्चों को जानकारी देना है। मुस्लिम बच्चों को रामायण का हिंदी में अनुवाद कराकर पढ़ाया जाता है, तो हिंदू बच्चों को कुरान शरीफ की आयतें पढ़ाई जाती हैं।

## अनुसूचित जाति के लोगों के बाल काटने से किया इन्कार

**जागरण संवाददाता, मुरादाबाद** : उप्र के मुरादाबाद स्थित गांव पीपलसाना में मुस्लिम समाज के हज्जामों ने अनुसूचित जाति के लोगों के बाल काटने से इन्कार कर दिया। शिकायत के बाद एसएसपी के आदेश पर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में समझौता भी करा दिया गया, लेकिन शनिवार को कई लोग बाल कटाने पहुंचे तो हज्जामों ने इन्कार कर दिया। इसके बाद दुकानें भी बंद कर दीं और घर चले गए। इस पर पुलिस ने तीन को नामजद करते हुए 12 अन्य दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मामला छह जुलाई का है। पीपलसाना के रहने वाले अनुसूचित जाति के लोगों के बाल मुस्लिम हज्जामों ने काटने से इन्कार कर दिया था। पीड़ितों ने 10 जुलाई को एसएसपी अमित पाठक से शिकायत की थी। एसएसपी के निर्देश पर तीन दिन पहले उपजिलाधिकारी सदर शिल्पा शांडिल्य और सीओ ठाकुरद्वारा विशाल यादव की मौजूदगी में गांव में समझौता हो गया था। इस दौरान हज्जामों ने भेदभाव मिटाकर सभी के बाल काटने का वादा किया था। शनिवार को अनुसूचित जाति के कुछ युवकों दुकानदारों ने मना कर दिया। इतना ही नहीं वे अपनी दुकानों पर ताले डालकर चले गए।

# 'परिवार को बदनाम करना ठीक नहीं'

**जागरण संवाददाता, बरेली**

- लोक गायिका मालिनी अवस्थी व अनुराग कश्यप ने रखे विचार
- भाजपा विधायक राजेश मिश्र की बेटी के प्रेम विवाह का प्रकरण
- ट्विटर, फेसबुक पर हैशटैग एमएलए राजेश और साक्षी-अजितेश ट्रेंड कर रहा है

उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित बिथरी चैनपुर से भाजपा विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल की बेटी साक्षी के प्रेम विवाह का प्रकरण सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हो रहा है। ट्विटर, फेसबुक पर हैशटैग एमएलए राजेश और साक्षी-अजितेश ट्रेंड कर रहा है। बॉलीवुड से लेकर अन्य लागों ने भी मामले में अपने विचार रखे हैं। अधिकांश लोगों का यही कहना है कि प्रेम विवाह करें, लेकिन मां-बाप या परिवार को इस तरह से बदनाम करना कतई उचित नहीं है।

लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने ट्वीट करते हुए कहा, 'कोई किसी से भी प्रेम करे, विवाह करे, उसका स्वतंत्र निर्णय है। उसे आजादी है। किंतु, इसे अर्जित करने के लिए अपने जनक (पिता) को लोक के सामने अपमानित करने की कवायद गलत है।'। फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने ट्वीट कर कहा, 'साक्षी और उनके पति की सुरक्षा की जानी चाहिए'।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज दीक्षित ने फेसबुक पर लिखा कि 'वाह बेटी वाह! गर्व है तुम पर। कहावत है कि बेटी पिता का गुरूर होती है, तुमने तो वह भी तोड़ दिया।'

अर्चना ट्वीट करती हैं कि 'जिस बाप ने हजारों हैवानों की तरह बेटियों की कोख में हत्या न की हो। उस एमएलए पिता से एक बेटी को जान का खतरा कैसे हो सकता है'। पल्लवी मिश्रा फेसबुक पर लिखती हैं, 'बहुत प्रेम करती हैं लड़कियां इस देश में, बहुत सारी भागती भी हैं, पर कोई ऐसा तमाशा करता नहीं दिखा अभी तक'।

**विधायक खामोश, परिचितों ने भी साधी चुप्पी** : बिथरी चैनपुर विधायक राजेश मिश्र ने पुत्री साक्षी के आरोपों पर चुप्पी साध ली है। शनिवार को भी उनकी बेटी ने न्यूज चैनलों पर लाइव कार्यक्रम में भाई पर मारपीट का आरोप लगाया, लेकिन बिथरी विधायक ने कहा कि वह पहले ही अपना पक्ष रख चुके हैं, इसलिए अब उन्हें कुछ नहीं कहना है।

दूसरी ओर वायरल वीडियो में विधायक के दोस्त राजीव राणा पर पीछा करने और उनसे जान का खतरा होने के आरोप लगाए गए थे। राजीव राणा ने बताया कि यह आरोप लगने पर उन्होंने गुस्से में साक्षी-अजितेश पर मानहानि के मुकदमे की बात कही थी, लेकिन वह कोई मुकदमा नहीं करेंगे। वहीं उन्होंने साक्षी द्वारा अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को भी खारिज किया है।

### 15 तारीख पर टिकी अब सबकी निगाहें

बिथरी चैनपुर विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल की बेटी साक्षी मिश्रा के अनुसूचित जाति के युवक से शादी रचाने के हाई प्रोफाइल मामले में चैनलों पर बहस जारी है। नजरें अब हाई कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर लग गई हैं। यहां साक्षी की पेशी होनी है। उन्होंने अपने विधायक पिता से जान का खतरा बताया है। दो वीडियो वायरल कर साक्षी और उनके पति अजितेश ने आरोप लगाया है कि उनकी जान को खतरा बना हुआ है। सुरक्षा के लिए दोनों हाई कोर्ट भी गए हैं। वहां 15 जुलाई की तारीख लगी है।

**सुशिक्षित समाज**

इंदौर में घर-घर से जुटाई रद्दी बेचकर उठाते हैं गरीब बच्चों की पढ़ाई का खर्च, राह सोशल वेलफेयर सोसायटी के प्रयास को मिल रहा जनसमर्थन

# रद्दी की कमाई से संवार रहे हैं 'भविष्य'

**सुमेधा पुराणिक चौरसिया, इंदौर**

कुछ बड़ा करने के लिए जरूरी नहीं कि बहुत ज्यादा संसाधन ही हो। न्यूनतम संसाधन से भी समाज के लिए बड़ा कार्य किया जा सकता है। घरों में बेकार समझे जाने वाले रद्दी के कागज से गरीब बच्चों का भविष्य सुधारने का काम किया जा सकता है। इंदौर में रद्दी से जुटी रकम से लगभग 200 बच्चों की पढ़ाई का खर्च निकल रहा है। इनके लिए कॉपी-किताब खरीदी जाती हैं। लड़कियों के लिए स्कूल और छात्रावास बनाने की परिकल्पना मूर्त रूप लेने वाली है।

राह सोशल वेलफेयर सोसायटी का यह अभिनव प्रयास समाज को वाकई नई राह दिखा रहा है। इंदौर के पलासिया क्षेत्र में 'रद्दी दान करें, जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में योगदान दें' मुहिम इन दिनों चर्चा में है। इसके तहत आठ-दस घरों में जमा हुआ अखबार और अन्य कागज की रद्दी को एक जगह एकत्र किया जाता है। एक फोन आने पर संस्था के सदस्य वाहन लेकर पहुंच जाते हैं और उसे उठा लाते हैं। यह वाहन भी दान में मिला है। संस्था के सक्रिय सदस्य अजय दुबे बताते हैं कि ज्यादा से ज्यादा परिवारों को इस अभियान से जोड़ने के लिए सोशल नेटवर्किंग एप से खूब प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पलासिया क्षेत्र के अलावा अन्नपूर्णा, राजेंद्र नगर, एरोड्रम रोड, राजवाड़ा, धार रोड, छावनी, खजराना, मालवीय नगर सहित अलग-अलग इलाकों में लोगों को जोड़ने की तैयारी है।



इंदौर में दानदाताओं के घर से इकट्ठा की गई रद्दी के साथ संस्था का कर्मचारी। नईदुनिया

सरोकार की अन्य खबरें पढ़ें
www.jagran.com/topics/positive-news

### 50 हजार घरों से रद्दी एकत्र करने का लक्ष्य

अजय दुबे बताते हैं कि इस साल उन्होंने 50 हजार घरों से रद्दी जुटाने का लक्ष्य तय किया है। जितनी ज्यादा रद्दी इकट्ठा होगी, उतना ज्यादा फंड बढ़ेगा। अलग-अलग क्षेत्रों में सामाजिक कामों में रुचि रखने वाले लोग कलेक्शन सेंटर बनाने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं, ताकि दान करने के इच्छुक परिवार घर के पास के सेंटर पर रद्दी जमा करवा सकें।

### अनाथ लड़कियों के लिए छात्रावास और स्कूल खुलेगा

संस्था ने रद्दी से इकट्ठा होने वाले पैसों से खंडवा रोड पर अनाथ लड़कियों का निःशुल्क छात्रावास और स्कूल बनाने का प्रस्ताव भी तैयार किया है। इसके लिए दो एकड़ जमीन सेंडल गांव में खरीदी गई है। यहां 350 लड़कियों की क्षमता वाला छात्रावास रहेगा और स्कूल में छात्रों की संख्या 550 रहेगी। मुख्य रूप से अनाथ लड़कियों और शहीद सैनिकों की बच्चियों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। जैसे-जैसे पैसे जमा होंगे, एक-एक कमरा तैयार कराया जाएगा।

### तैयार करते हैं जरूरतमंद बच्चों का विवरण

संस्था के लोग स्कूलों में जाकर जरूरतमंद बच्चों की जानकारी जुटाते हैं। अब बच्चे सीधे भी संस्था से संपर्क करने लगे हैं। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि और आर्थिक स्थिति का परीक्षण करने के बाद उन्हें पंजीकृत किया जाता है। इससे पहले उनके परिवार से चर्चा की जाती है। उनसे एक फॉर्म भरवाया जाता है। इसके बाद बच्चे की पढ़ाई एक तरह से संस्था की जिम्मेदारी हो जाती है।

### सुरक्षा और संस्कार के लिए वृद्धाश्रम भी

छात्रावास में रहने वाली निराश्रित बच्चियों की सुरक्षा के लिए और वृद्धों को आश्रय देने के मकसद से वृद्धाश्रम भी परिसर में खोला जाएगा, ताकि बच्चों को दादा-दादी का प्यार मिले और उन्हें संस्कार भी दिया जा सके। बच्चे और बुजुर्ग एक साथ जिंदगी के सुख-दुख बांटेंगे।

## बच्चों को बंधक बनाकर उखाड़े नाखून, जख्म पर डाला नमक

**जागरण संवाददाता, चित्रकूट** : चित्रकूट के सिकरौं गांव में दबंगों ने साइकिल चोरी का आरोप लगाकर बच्चों को घर में बंधक बनाकर पीटा। हाथ की अंगुलियों के नाखून उखाड़कर ब्लेड से चीरा लगाया और जख्म पर नमक भर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। सिकरौं गांव निवासी राजेंद्र निषाद ने बताया कि 14 वर्षीय पुत्र ब्रजेश शुक्रवार को अपनी बड़ी मां के साथ जामुन के बाग में पहुंचा, तभी गांव के प्रद्युम्न पांडेय, रज्जू, मनोज, विनीत और मुन्ना लाठी-डंडा लेकर आ गए। बेटे को पकड़ कर अपने घर ले गए। साथ में 15 वर्षीय भतीजे पिंटू को भी पकड़ लिया। वहां दोनों को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा। साइकिल चोरी का आरोप लगाकर पिंटू को चकौर गांव में पंचू निषाद के घर ले जाकर मारपीट की। वापसी में सिकरौं गांव स्थित नाला के पास उसके हाथ की अंगुलियों के नाखून उखाड़ दिए। ब्लेड से जख्म कर नमक भर दिया और जान से मारने की धमकी दी।